एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

बुधवार, 1 अक्टूबर 2025,

PAGE NO : 05 TOP

## रविन्द्रनाथ टैगोर कप में एसआरएमएस फाइनल में

**बरेली, अमृत विचार :** रविन्द्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित रविन्द्रनाथ टैगोर कप मे मंगलवार को पहला सेमीफाइनल एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और केपीएस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने केपीएस को 85 रनों से हरा कर फाइनल मे प्रवेश किया। एसआरएमएस के कप्तान पंकज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। देवराज के 51, संचित पांडे के 41 और ताजमहल के 20 रनों के योगदान से 180 रनों का स्कोर खड़ा किया। केपीएस क्रिकेट अकादमी की ओर से पवन राजपूत ने 3 विकेट और प्रियांशु मेहरा और पंकज यादव ने 2-2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केपीएस की पूरी टीम 95 रन पर सिमट गई। टीम के लिए आयुष कुमार ने सर्वाधिक 30 रनों का योगदान दिया। अंश यादव ने 18 रन बनाये। एसआरएमएस के लिए लखन ने 3 विकेट और युवराज व अंशुमान ने 2-2 विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच लखन मेहता को दिया गया। जबकि गेम चेंजर का अवॉर्ड देवराज को मिला। टूर्नामेंट सचिव मनीष सिंह ने बताया कि बुधवार को दूसरा सेमीफाइनल रविंद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी और जीपी क्रिकेट अकादमी के मध्य सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।